


# धू-धू कर जला रावण, विजयादशमी पर्व पर शहर में निकला चल समारोह







नवभारत न्यूज

**सतना, 3 अक्टूबर. शहर का मुख्य समारोह व्यंकट 1 स्कूल के पीछे मैदान पर आयोजित किया गया। शाम 5 बजे से श्री बिहारी रामलीला समाज के कलाकारों ने रावण वध का मनमोहक मंचन प्रस्तुत किया, जिसमें राम-रावण युद्ध की घटनाओं को जीवंत रूप से दर्शाया गया। इस कार्यक्रम में राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे।**

रामलीला मंचन के बाद शाम 7.20 बजे 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। आतिशबाजी की भव्य प्रदर्शनी के बीच रावण दहन होने पर भगवान श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण जी रथ पर सवार होकर शहर भ्रमण के लिए निकले। इस चल समारोह में प्रभु श्रीराम के रथ के पीछे मां दुर्गा की प्रतिमाओं की आकर्षक झांकियां भी शामिल थीं, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही थीं। शोभायात्रा का शहर के विभिन्न चौकों पर भव्य स्वागत किया गया। अग्रसेन चौक में अग्रसेन समाज ने प्रभु श्रीराम की आरती उतारी, जबकि बिहारी चौक और पन्नीलाल चौक में शहरवासियों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। यह शोभायात्रा धवारी चौराहा, सिटी कोतवाली, जय स्तम्भ चौक, बिहारी चौक, पन्नीलाल चौक, अस्पताल चौक, पुराना नगर निगम तिराहा, हनुमान चौक, फूलचंद चौक, लालता चौक, जवाहर चौक, सुभाष चौक से गुजरते हुए देर रात गांधी चौक स्थित बिहारी मंदिर पहुंची। चल समारोह को देखने के लिए शहर के हर प्रमुख मार्ग पर लोगों की भारी भी? उम? प?ी, खासकर बाजार क्षेत्रों में जहां जगमगाती लाइटिंग और उत्साह का माहौल था। लोग शोभायात्रा देखने के लिए उत्सुक नजर आ रहे थे।

### 52 फीट रावण का दहन

शहर में परंपरागत तरीके से श्री डालीबाबा रामलीला समाज ने मैत्री पार्क स्थित मैदान में 52 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया। दहन से पूर्व रामलीला का मंचन किया गया, जो सनातन संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक था। इसके बाद रथ पर सवार प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई, जो सेमरिया चौक, कृष्ण नगर, नगर निगम तिराहा, हनुमान चौक, फूलचंद चौक, लालता चौक, गांधी चौक, जयस्तंभ, अग्रसेन चौक, गोशाला चौक, डालीबाबा होते हुए श्री डालीबाबा आश्रम में समाप्त हुई। इस दौरान भी जगह-जगह स्वागत सत्कार हुआ।

## जाते-जवाते फिर मेहरबान हुआ मानसून

### शहर में हुई 24 मिमी से अधिक बारिश

नवभारत न्यूज

**सतना 3 अक्टूबर. वैसे तो मानसून देश के कुछ हिस्सों से विदाई ले चुका है. लेकिन जाते-जवाते की बेला में राज्य सहित विंध्य क्षेत्र को सराबोर करने लगा. इसी कड़ी में शुक्रवार को विंध्य सहित जिले में बारिश का क्रम जारी रहा.**



मौसम कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम तक शहर में 23.8 मिमी दर्ज कर ली गई. हलांकि बादलों का जमघट सुबह से ही लगा हुआ था. लेकिन दोपहर से पहले बादलों के बीच धूप खिलने लगी. जिसके चलते बारिश की संभावना कमतर होती नजर आने लगी. लेकिन कुछ देर बाद ही अचानक घने बादलों ने एक बार फिर से रुख किया और बारिश शुरु हो गई. बारिश का यह दौर कभी तेज तो कभी मध्यम बनकर देर शाम तक जारी रहा. वहीं मौसम विभाग के एलर्ट के चलते रात में भी बारिश की संभावना बनी रही. बारिश के चलते दिन के अधिकतम तापमान में पिछले 24 घंटे की तुलना में 2 डिग्री सेल्सियस की कमी भी देखने को मिली. शुक्रवार को हुई बारिश ने एक ओर जहां पिछले पखवाड़े भर से जारी उमस भरी गर्मी से राहत दिलाने का काम किया. वहीं दूसरी ओर उन किसानों के चेहरे भी खिल उठे जिन्हें अपने धान के खेतों में पानी लगाना पड़ रहा था.

# आंख में मिर्च झोंक व्यापारियों को लूटने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

### नकदी, मोबाइल और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त

नवभारत न्यूज

**सतना 3 अक्टूबर. मवेशियों की खरीद बिक्री करने वाले दो व्यापारियों की आंखों में मिर्च झोंककर उनके पास से साढ़े 9 लाख रु की नकदी लूटने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों के कब्जे से 8.70 लाख रु के साथ-साथ 5 मोबाइल और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया.**

कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ी हर्दी बैकुण्ठपुर रीवा निवासी मोहम्मद नसीम द्वारा लूट की शिकायत की गई थी. मो. नसीम ने बताया कि उसके मामा मकसूद सौदागर भैंस खरीदने और उन्हें बाहर ले जाकर बेचने का कारोबार करते हैं. इसी कड़ी में 27 सितंबर को नसीम और मकसूद बड़ी हर्दी से 41 नग भैंस को डीसीएम ट्रक के जरिए लेकर उन्नाव उप्र गए थे. जहां पर फिरोज खान को उक्त भैंस बेचने के बाद दोनों उसी ट्रक से लौटकर सतना आ गए. कारगिल ढाबा के निकट ट्रक से उतरने के बाद दोनों सड़क किनारे रीवा जाने वाली बस का इंतजार करने लगे. इसी दौरान अपाची बाइक पर सवार मुंह बांधे हुए तीन युवक वहां आ धमके. इधर उधर की बात करते हुए युवकों ने दोनों व्यापारियों की आंख में मिर्च झोंक दी. जिसके बाद उनसे जबरदस्ती रुपयों से भरा बैग छीन लिया और भाग निकले. बैग में साढ़े 9 लाख रु की नकदी रखी थी. व्यापारियों से मिली शिकायत के आधार पर पुलिस टीम गठित करते हुए आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जाने लगी. इस मामले में सीसीटीवी फुटेज के साथ-साथ साइबर सेल की मदद भी ली जाने लगी. जांच के दौरान मिली लीड के आधार पर डीसीएम ट्रक चालक बाल्मीक साकेत 30 वर्ष निवासी रुहिया रामपुर बघेलान और उसके साथी निखिल मलिक 25 वर्ष निवासी टिकुरिया टोला को दबोच लिया गया.





पूछताछ में बाल्मीक ने स्पीकार कर लिया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई थी. जिसके चलते भोर में लगभग 4 बले कारगिल ढाबा के पास दोनों व्यापारियों को उतारने के बाद उसने अपने साथियों को सूचित कर दिया था. इसी कड़ी में पुलिस ने छापेमारी करते हुए घटना में शामिलअंकित साकेत 24 वर्ष निवासी टिकुरिया टोला, फैजान खान उर्फ सोहेल 21 वर्ष निवासी टिकुरिया टोला और मोहम्मद इरफान 20 वर्ष निवासी जवान सिंह कालोनी को गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों के कब्जे से लूटे गए साढ़े 9 लाख रु में से 8.70 लाख की नकदी बरामद कर ली गई. इसी कड़ी में घटना ममें प्रयुक्त 5 मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया.

### आभूषण ठगी अब भी अनसुलझी


व्यापारियों के साथ हुई लूट की घटना के तार ट्रक चालक से सीधे तौर पर जुड़ने के कारण आरोपियों को 24 घंटे के भीतर ही दबोच लिया गया. लेकिन इसके बावजूद भी 24 घंटे में 2 महिलाओं से लाखों के आभूषण ठग लिए जाने के मामले में पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं. गौरतलब है कि 27 सितंबर की सुबह नागौद में एसडीएम बंगले के सामने दो व्यक्तियों ने सरेआम नायब तहसीलदार की पत्नी से सोने के आभूषण ठग लिए गए थे. इस घटना के अगले ही दिन उसी तर्ज पर शहर में होटल पार्क के निकट वृद्ध महिला से लाखों रु के सोने के आभूषण ठग लिए गए. उक्त दोनों ही मामलों में पुलिस के हाथ अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है.

# अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार 2 लोगों की मौत

### एक की हालत गंभीर, पोंड़ी क्षेत्र के अटरा मोड़ के निकट हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**सतना 3 अक्टूबर. दशहरा का मेला देखकर वापस गांव की ओर लौट रहे बाइक सवार 3 युवक सड़क हादसे का शिकार हो गए. अज्ञात वाहन की टक्कर के चलते जहां 2 की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं तीसरे की हालत गंभीर बनी हुई है. इस मामले में पुलिस द्वारा दुर्घटनाकारित करने वाले वाहन की खोजबीन की जा रही है.**





प्राप्त जानकारी के अनुसार नागौद थाने की पोंड़ी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पोंड़ी निवासी अनुज कुशवाहा पिता बसंता उम्र 22 वर्ष, आशू चौधरी पिता मन्नू उम्र 24 वर्ष और बिट्टू कुशवाहा पिता स्व. साहौली उम्र 35 वर्ष बाइक पर सवार होकर अपने गांव से कुलगढ़ी में आयोजित दशहरा समारोह देखने के लिए गए थे. दशहरे का मेला देखने के बाद बाइक पर सवार होकर तीनों वापस गांव की ओर लौट रहे थे. बताया गया कि जैसे ही उनकी बाइक अटरा गांव मोड़ के निकट पहुंची वैसे ही किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों लोग गंभीर तौर पर घायल हो गए. वहीं घटना के फौरन बाद ही अज्ञात चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकला. कुछ देर तक घायल वहीं पर पड़े रहे. वहां से गुजर रहे कुछ राहगीरों की नजर पड़ी तो उन्होंने फौरन घटना की सूचना पुलिस को दी. जिसके चलते पोंड़ी चौकी प्रभारी राजेंद्र साकेत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए. सभी घायलों को उपचार के लिए उचेहरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया. जहां पर चिकित्सक द्वारा जांच करने पर अनुज कुशवाहा और बिट्टू कुशवाहा को मृत घोषित कर दिया गया. जबकि गंभीर तौर पर घायल आशू का प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया. जिला अस्पताल में उपचाररत आशू की हालत गंभीर बनताई जा रही है. वहीं पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर दुर्घटनाकारित करने वाले वाहन और चालक के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है.

### डेढ़ दर्जन श्रद्धालु घायल

रीवा जिले के बैकुण्ठपुर से देवी प्रतिमा लेकर मैहर की ओर जा रहे श्रद्धालु सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए. मैहर जिले के अमरपाटन के निकट एक ट्रेलर की टक्कर लग जाने से एक ओर जहां ट्रैक्टर पलट गया. वहीं दूसरी ओर उसमें सवार डेढ़ दर्जन श्रद्धालु घायल हो गए. घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अमरपाटन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. जहां पर उपचार के बाद सभी की हालत खतरे से बाहर बताई गई.

## गांधी जयंती पर केंद्रीय जेल से रिहा हुए 5 बंदी

नवभारत न्यूज

**सतना, 3 अक्टूबर. केन्द्रीय जेल सतना से महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर आजीवन कारावास के 05 बंदी जेल मुख्यालय के आदेश एवं राज्य शासन से घोषित परिहार का लाभ प्राप्त कर सजा भुगत कर रिहा हुए।**



जेल अधीक्षक श्रीमती लीना% कोष्टा द्वारा बंदियों को रिहा किया गया। रिहा होने वाले प्रत्येक बंदियों को श्रीफल, आध्यात्म से जुड़ने हेतु श्रीमद् भगवद्?गीता (यथारूप), पर्यावरण संरक्षण / प्रकृति से जुड़ाव हेतु फलदार पौधा (एक पेड़ माँ के नाम), लंच पैकेट, बंदी पारिश्रमिक पासबुक एवं बंदी का रिहाई प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। जेल अधीक्षक द्वारा बंदियों को अपराध से दूर रहने व अपने शेष जीवन को सदमार्ग पर ले जाने, समाज की मुख्य धारा से जुड़ने की कामना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।

रिहा होने वाले बंदियो में मैहर जिले के 01 पुरूष बंदी प्रहलाद पाव पिता किशोरी लाल पाव, छतरपुर जिले के 02 पुरुष बंदी शेख इदरीश पिता शेख हकीम, अमरसिंह यादव पिता सुन्दरलाल यादव, पन्ना जिले का 01 पुरूष बंदी सलीम खां पिता मान खां, विदिशा जिले का 01 पुरुष बंदी जमना प्रजापति पिता गोपी प्रजापति सजा भुगत कर रिहा हुए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा, जेल उप अधीक्षक श्रीकांत त्रिपाठी, जेल उप अधीक्षक सोनबीर सिंह कुशवाह, जेल चिकित्सक डॉ0 अंशुमान शर्मा, कल्याण अधिकारी अनिरूद्ध कुमार तिवारी, सहायक जेल अधीक्षक अभिमन्यु पाण्डेय, अष्टकोण अधिकारी फिरोजा खातून, सहायक जेल अधीक्षक अनिल सिंह व विनय त्रिपाठी (समाज सेवी), शैलेन्द्र त्रिपाठी (समाज सेवी) एवं जेल स्टॉफ उपस्थिति रहा।



## रुपन बारी जयंती धूमधाम से मनी

नवभारत न्यूज

**सतना 3 अक्टूबर. बारी समाज के आराध्यदेव वीर शिरोमणि रुपन बारी की जयंती धूमधाम से मनाई गई.**

बारी समाज सतना के अध्यक्ष वियन कुमार रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि सामुदायिक भवन सोहावल में बारी दिवस को धूमधाम से मनाया गया. समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अपने आराध्यदेव की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माला पहनाया गया. इसी कड़ी में मेघावी छात्रों को सम्मानित-पुरस्कृत किया गया. इसी कड़ी में सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूल का आयोजन हुआ. जिसमें सम्मिलित होने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया. मंच संचालन अध्यक्ष विनय कुमार रावत और संरक्षक रामसखा उर्फ दद्दू वर्मा द्वारा किया गया. इस अवसर पर पुष्पा वर्मा दीपक बारी प्यारेलाल वर्मा गोपी बारी बंटू बारी हीरालाल वर्मा और मुकेश बारी सहित समाज के कई अन्य लोगों ने सक्रिय सहभागिता निभाई.

# नदी में बहे व्यक्ति का शव 24 घंटे बाद मिला

नवभारत न्यूज

**सतना, 3 अक्टूबर. मैहर के अमदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बुढ़ागर में नदी के तेज बहाव में बह गए व्यक्ति का शव 24 घंटे बाद बरामद कर लिया गया है। एसडीआरएफ की टीम ने लगातार सर्च ऑपरेशन चलाकर शव को नदी से निकाला।**

यह घटना गुरुवार दोपहर की बताई गई स्थानीय लोगों के अनुसार, जहान सिंह पिता राम प्रताप सिंह (45 वर्ष), निवासी बुढ़ागर, गुरुवार दोपहर नदी किनारे नहाने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्हें नदी के तेज बहाव में बह जाने की आशंका हुई। परिजनों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई और 112 डायल को खबर दी गई। अमदरा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में तलाश शुरू की। नदी में बहाव तेज होने के कारण शुरुआती तलाश में सफलता नहीं मिली। अंधेरा होने के चलते अधिकारियों ने खोजबीन की प्रक्रिया धीमी कर दी। कई घंटों तक ढूं?ने के बाद भी जहान सिंह का कोई पता नहीं चला।

### झाड़ियों में फंसा मिला शव

रात का अंधेरा बढ़ने के कारण एसडीआरएफ की टीम ने गुरुवार को सर्च ऑपरेशन रोक दिया था। शुक्रवार सुबह 7 बजे से सर्च ऑपरेशन फिर शुरू किया गया। लगातार खोजबीन के बाद दोपहर में जहान सिंह का शव नदी किनारे झाड़ियों में फंसा हुआ मिला। अमदरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## कालीबाड़ी में सिंदूरदान के साथ हुई मां की बिदाई

नवभारत न्यूज

**सतना, 3 अक्टूबर. बंगाली समिति कालीबाड़ी में दशमी के दिन परंपरागत ढंग से सिंदूरदान के साथ माता की विदाई दी गई।**



समिति के अध्यक्ष भास्कर भट्टाचार्य ने बताया कि इस अवसर पर कालीबाड़ी में समाज के सैकड़ों परिवारों ने शामिल होकर माता के दर्शन किए और परंपरिक ढाक की धुन पर नृत्य करते हुए सिंदूर खेला का आयोजन किया। इस आयोजन में सौभाग्यवती महिलाएं मां को सिंदूर अर्पित करती है और अखंड सौभाग्यवती का आशीर्वाद लेती है।

### मैहर में नो फ्लाई जोन घोषित

**मैहर 3 अक्टूबर.** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर रानी बाटड ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए संपूर्ण मैहर तहसील क्षेत्र में 4 अक्टूबर को प्रात: 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक सम्पूर्णतम क्षेत्र को ड्रोन, पैराग्लाइंडर, हाट बैलून पर प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने इन गतिविधियों को उक्त क्षेत्र में प्रतिबंधित करते हुए रेड जाने, नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया है।

### एक नजर में



#### कन्या धवारी को 12 सीलिंग फैन भेंट

**सतना.** अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स द्वारा लायंस सेवा सप्ताह के अंतर्गत समाज सेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, धवारी को 12 सीलिंग फैन प्रदान किए गए। कार्यक्रम में लायंस क्लब अध्यक्ष लायन शैलेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि यह सेवा कार्य पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन आलोक त्रिपाठी की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। विद्यालय की प्राचार्य सुश्री अंशू मिश्रा को औपचारिक रूप से पंखे सौंपे गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से लायन विनय त्रिपाठी, धर्मेंद्र सेन, कृष्ण कुमार द्विवेदी, योगेश शर्मा, प्रभात गौतम, संतोष तिवारी, सर्वेश कुमार पाण्डेय, श्यामा प्रजापति, द्वारिका सेन, भइयालाल, विनोद सेन सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

#### एकेएस विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि



**सतना.** एकेएस विश्वविद्यालय के यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग के पीएच.डी. शोधार्थी मिहिर पांडेय ने विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीहर पांडेय के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका में सौर आधारित गैस टरबाइन त्रि-उत्पादन प्रणाली पर शोध प्रकाशित किया। यह अध्ययन ऊर्जा दक्षता और अनुकूलन में सहायक सिद्ध होगा। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

#### प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल का सतना आगमन कल



**सतना।** मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा प्रांतीय महामंत्री श्रीमती सविता अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बतलाया कि मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल 5 अक्टूबर रविवार को सतना आयेंगे एवं महिला महासभा व्दारा आयोजित दशहरा मिलन समारोह एवं बच्चों की होने जा रही फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे। श्रीमती सविता अग्रवाल ने बतलाया कि प्रदेश अध्यक्ष श्री मित्तल दिनांक 5 अक्टूबर दिन रविवार को सुबह 9.30 बजे नागौद कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे तत्पश्चात 11 बजे सतना आयेंगे एवं सायं 3 बजे अग्रवाल महिला महासभा द्वारा मारवाड़ी सेवा सदन में होने वाले कार्यक्रम में शिरकत करेंगें।

## अहं से वयं का कार्य संघ हैं : बृजकान्त

नवभारत न्यूज

**सतना, 3 अक्टूबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में श्री शिव उपनगर की साई बस्ती में शस्त्र पूजन एवं विजयादशमी उत्सव का आयोजन हुआ।**



कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महाकौशल प्रांत के प्रांत प्रचारक बृजकान्त जी रहे। उन्होंने विजयादशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह उत्सव अंत: और बाह्य शत्रुओं पर विजय का प्रतीक है। व्यक्ति को काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर जैसे आंतरिक दोषों पर विजय प्राप्त करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा व्यक्ति को अहं से वयं की ओर ले जाने का माध्यम है। 100 वर्षों से संघ की अखण्ड और नित्य साधना समाज जागरण का कार्य कर रही है।

## प्रिज्म में विराजमान मां दुर्गा की आरती में पहुंचे सांसद

नवभारत न्यूज

**सतना, 3 अक्टूबर. प्रिज्म सीमेंट कॉलोनी में शारदीय नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर माँ दुर्गा की आराधना एवं भव्य आरती का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।**



इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सतना के सांसद गणेश सिंह उपस्थित हुए इस मौके पर उनका स्वागत डॉ0 मनीष कुमार सिन्हा, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट, एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स, प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा पुष्पगुच्छ द्वारा किया गया।

CMYK